

# ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ

जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान।
मोल करो तलवार का,पड़ी रहन दो म्यान।



## भारत की आत्मा के सुधारक संत कवि कबीर दास जी



**श्रीमती आनन्दीबेन पटेल**
माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति, उ.प्र.

के

**प्रो. अजय तनेजा**
माननीय कुलपति

## व्यक्तित्व पर विशिष्ट व्याख्यान

दिनांक 4 जुलाई 2025, समय – अपराह्न 3:00 से 4:00 बजे तक
स्थान : आचार्य नरेन्द्र देव प्रशासनिक भवन







**प्रो. सौबान सईद**
संकायाध्यक्ष

मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि
**प्रो. वाई.पी. सिंह**
लखनऊ विश्वविद्यालय

**डॉ. जहाँ आरा ज़ैदी**
प्रभारी–हिन्दी विभाग

बुरा जो देखन मैं चला,बुरा न मिलया कोय।
जब दिल खोजा अपना,मुझसे बुरा न कोय।

**आयोजक : हिन्दी विभाग**

# कार्यक्रम प्रतिवेदन

## कबीर दास के व्यक्तित्व पर विशिष्ट व्याख्यान



# कबीर समाज के लिए प्रकाश स्तम्भ– प्रो0 वाई0पी0 सिंह



ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के प्रांगण में भारत के महान समाज सुधारक संत– कवि कबीर दास जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर एक महत्वपूर्ण आयोजन किया गया। यह आयोजन 4 जुलाई को विश्वविद्यालय के आचार्य नरेंद्र देव प्रशासनिक भवन में अपराह्न 3 बजे से 4 बजे के मध्य आयोजित किया गया। इस आयोजन के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. योगेंद्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में पधारे तथा इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के यशस्वी कुलपति प्रो.अजय तनेजा के द्वारा की गई। कार्यक्रम में प्रो. योगेंद्र प्रताप सिंह का अभिनंदन माननीय कुलपति के द्वारा स्मृति चिन्ह्न,

साल एवं तुलसी का पौधा देकर  किया गया तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा का अभिनंदन विश्वविद्यालय के डीन अकादमिक प्रोफेसर शौबान सईद के द्वारा स्मृति चिन्ह तथा शाल भेंट कर किया गया। इस अवसर पर महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय पश्चिमी चंपारण बिहार के विज्ञान संकाय अध्यक्ष एवं रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. देवदत्त चतुर्वेदी की विशिष्ट उपस्थित रही।प्रो. चतुर्वेदी का स्वागत अंग वस्त्र पहनाकर इतिहास विभाग के सहायक आचार्य डॉ0 राज कुमार सिंह द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता प्रो0 वाई0पी0 सिंह के उद्बोधन हेतु भूमिका  हिंदी विभाग की सहायक आचार्य डॉ0 आराधना अस्थाना ने  प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता प्रो.योगेंद्र प्रताप सिंह ने ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के आंगन में कबीर को याद किए जाने को सुखद एवं संभावना से भरा हुआ बताया।मुख्य वक्ता ने कबीर एवं उनकी वाणी को समाज के लिए ''**प्रकाश स्तंभ**'' की भांति बताते हुए भारत के विभिन्न संप्रदायों व दर्शनों से उनकी समानता पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 अजय तनेजा ने कबीर के दोहों की वर्तमान समय में

उपयोगिता बताते हुए व्यक्ति के गुणों के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कबीर दास के दोहे ''**जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान/मोल करै तलवार का पड़ी रहन दो म्यान**'' के द्वारा अपनी बात को समझाया। विभाग के डीन प्रो0 सौबान सईद ने कार्यक्रम हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की तथा उर्दू शायरी के मर्मग्य प्रो. फ़करे आलम व इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ0 राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ0 महेश कुमार एवं वित्त अधिकारी श्री साजिद आज़मी एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के अन्य विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे। हिंदी विभाग की प्रभारी डॉ0 जहां आरा जैदी ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापन किया तथा इस कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ0 योगेंद्र कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशवविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक डॉ. पीयूष त्रिवेदी, डॉ राजकुमार सिंह, विपिन सिंह डॉ. अंशुल पाण्डेय, डॉ.

बलिराम प्रजापति आदि के साथ विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राएं तथा शिक्षणेत्तर कर्मी उपस्थित रहे।













amarujala.com/lucknow

my city

लखनऊ | शनिवार • 05.07.2025

अमर उजाला 7

## भाषा विवि: 26 जुलाई से शुरू होंगी नव प्रवेशित छात्रों की कक्षाएं

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में नए सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की कक्षाएं 26 जुलाई से शुरू होंगी। 24 जुलाई तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। कुलसचिव महेश कुमार ने शुक्रवार को विवि का शैक्षणिक कैलेंडर जारी किया। विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच कराने को कहा गया है। 24 दिसंबर से पांच जनवरी तक शीतकालीन अवकाश तय किया गया है। पांच जनवरी तक विवि विषम सेमेस्टर के सभी परीक्षा परिणाम भी जारी कर देगा। विवि तीसरे पांचवें और सातवें सेमेस्टर में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों की 21 जुलाई से कक्षाएं शुरू करेगा। (संवाद)

## 'प्रतिकूल समय में भी कबीर ने किया समाज जागरण'

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में शुक्रवार को महान संत कबीर दास की जयंती पर कार्यक्रम हुआ। मुख्य वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के शिक्षक प्रो. वाईपी सिंह ने कहा कि कबीर ने विपरीत परिस्थितियों में समाज जागरण का कार्य किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. अजय तनेजा, विभाग की प्रभारी डॉ. जहांआरा जैदी, प्रो. सौबान सईद कुलसचिव, डॉ. महेश कुमार व विवि के अन्य शिक्षक मौजूद रहे। (संवाद)

# कबीर को याद किया जाना सुखद

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में महान संत और समाज सुधारक संत कबीरदास की जयंती मनाई गई। कुलपति प्रो. अजय तनेजा की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक सभागार में सायं 3 बजे से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कबीरदास के दोहों के पाठ और गायन के साथ हुई। मुख्य अतिथि प्रो. वाईपी सिंह लखनऊ विश्वविद्यालय ने कहा कि ख्वाजा चिश्ती के परिसर में कबीर को याद किया जाना सुखद है। कबीर दास जी ने धार्मिक पाखंडों और जातिगत भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। उनका संदेश मानवता और सच्चाई पर आधारित था। कबीर के दोहों पर ही सिख धर्म बना।

कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने अपने संबोधन में कहा कि कबीर की वाणी न केवल आध्यात्मिक जागरण का स्रोत है, बल्कि सामाजिक समरसता और नैतिक मूल्यों का मार्गदर्शन भी करती है। कुलसचिव डॉ. महेश कुमार ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया और संत कबीर की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। हिन्दी विभाग की विषय प्रभारी डॉ. जहां आरा जैदी रही। जयंती कार्यक्रम का संचालन डॉ. योगेंद्र कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में वित्त अधिकारी साजिद आजमी, डीन अकादमिक प्रो. सौबान सईद, प्रो. फखरे आलम, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. राजकुमार सहित विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।



**भाषा विवि में कबीर जयंती पर मनाया गया श्रद्धा समरसता और सद्भाव का कार्यक्रम**

samarsaleel.com

भाषा विवि में कबीर जयंती पर मनाया गया श्रद्धा समरसता और सद्भाव का कार्यक्रम
https://samarsaleel.com/shraddha-harmony-and-harmony-program-celebrated-on-kabir-jayanti-in-bhasha-university/479147
07:57



**ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि ने मनाई कबीर जयंती - Janmanas**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में महान संत और समाज सुधारक संत कबीर दास जी की जयंती सादगी और श्रद्धा के साथ

janmanas.in

https://janmanas.in/2025/07/04/kabeer-jayanti-language-university/
07:57